कार्यालय-प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय, अर्जुनी, जिला- राजनांदगांव छ.ग.

Web site – www.gcarjuni.ac.in Email gncarjuni23@gmail.com

क्रमांक/ 222 /स्था./2026 अर्जुनी, दिनांक 19/08/2026

:: अतिथि क्रीड़ा अधिकारी हेतु विस्तृत विज्ञापन ::

कार्यालय आयुक्त, उच्च संचालनालय नवा रायपुर का पत्र क्रमांक ESTB-2035/637/2026-/राजपत्रित स्था./2026, नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18.08.2026 एवं छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं मंत्रालय का पत्र क्रमांक ESTB-1027/1216/2025/38–1 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 18.08.2026 के आदेशानुसार **छत्तीसगढ़ अतिथि व्याख्याता नीति–2024 (यथा संशोधित 2026)** के अंतर्गत इस महाविद्यालय में रिक्त क्रीड़ा अधिकारी पद के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि क्रीड़ा अधिकारी हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक उम्मीदवार अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन **दिनांक 29.08.2026 को सायं 05:00 बजे** तक केवल पंजीकृत डाक अथवा वाहक के हस्ते महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय से पावती प्राप्त कर आवेदन जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। सम्पूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया **"छत्तीसगढ़ अतिथि व्याख्याता नीति–2024 (यथा संशोधित 2026)"** के परिपालन में की जायेगी।

अतिथि व्याख्याता नीति–2024 **(यथा संशोधित 2026)"** का अध्ययन महाविद्यालय के सूचना पटल एवं वेबसाइट **https:// www.gcarjuni.ac.in** से किया जा सकता है।

विषय/रिक्त पदों का विवरण :–

क्रमांक	रिक्त पद	अतिथि क्रीड़ा अधिकारी/अतिथि क्रीड़ा सहायक
1	क्रीड़ा अधिकारी	01

टीप :– संबंधित विषय में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी। आवेदन सीलबंद लिफाफा में हो, लिफाफा के उपर संबंधित विषय का नाम एवं आवेदक अपना नाम, पता व मोबइल नंबर स्पष्ट अक्षरों में लिखें।

शर्तें :–

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10 वीं, 12 वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एमफिल, पी–एचडी, अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेज संलग्न करें।
02. दिनांक 29.08.2026 तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते है, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे है।
03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 07.09.2026 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट **https:// www.gcarjuni.ac.in** पर प्रकाशित किया जायेगा।
05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 09.09.2026 तक होगी।

निरंतर...

Scanned with OKEN Scanner

06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 11.09.2026 को किया जायेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट **https://www.gcarjuni.ac.in** अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।

07. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं हैं। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं हैं एवं पूर्व में किसी महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई हैं।

08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता हैं तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।

09. अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

(डॉ. अंजली अवधिया)
प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी
जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

पृ. क्रमांक–223/स्था./2026 अर्जुनी, दिनांक 19/08/2026

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर रायपुर को सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, दुर्ग संभाग को सूचनार्थ एवं अन्य संभाग में प्रकाशनार्थ हेतु निवेदन सहित।
3. चिन्हीत महाविद्यालय को सूचनार्थ एवं अन्य समस्त महाविद्यालयों में प्रकाशनार्थ हेतु निवेदन सहित।

(डॉ. अंजली अवधिया)
प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी
जिला–राजनांदगांव (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner